अनुवाद एक सर्जनात्मक कला है। वैश्वीकरण एवं बहुभाषिकता विभिन्न देशों की संस्कृतियों, भाषाओं एवं भौगोलिक सीमाओं में परस्पर आदान-प्रदान के कारण उत्पन्न एवं समन्वित स्थिति एवं स्वरूप की ही देन अनुवाद है। आज सृजनात्मक ज्ञान-विज्ञान के साथ-साथ साहित्य के अनुवाद का भी अत्यधिक महत्व है। इस आधार पर यदि हम वर्तमान युग को अनुवाद का युग कहें तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। यदि 'अनुवाद की कला' न होती तो विश्व साहित्य और विश्व संस्कृति जैसी संकल्पनाएँ मात्र काल्पनिक रह जातीं। धर्म एवं दर्शन, साहित्य, विज्ञान एवं तकनीक, वाणिज्य एवं व्यवसाय, राजनीति एवं कूटनीति जैसे संस्कृति के विभिन्न पहलुओं का अनुवाद से अभिन्न संबंध रहा है। विश्व संस्कृति के निर्माण की प्रक्रिया में विचारों के आदान-प्रदान का महत्व बढ़ रहा है जो अनुवाद द्वारा ही संभव है। उदाहरण के लिए 'बाइबिल' तथा पाश्चात्य साहित्य का भारतीय भाषाओं में और भारतीय आध्यात्मिक ग्रंथों एवं भारतीय साहित्य का यूरोपीय भाषाओं में जो अनुवाद हुआ, उसने पूर्व एवं पश्चिम की दूरी और पार्थक्य की पुरानी धारणा को तोड़ा, वहीं एक-दूसरे की संस्कृति से परिचय करवाया तथा विकास में सहायक सिद्ध हुआ। अनुवाद भाषाओं और संस्कृतियों के बीच, बौद्धिक उपलब्धियों के बीच, विज्ञान और अध्यात्म के बीच संवाद का सेतु है। अनुवाद का अर्थ ही है–"सेतु बनकर दो अनजान संस्कृतियों और भाषा समुदाय के बीच संवाद स्थापित करना।" वह दो संस्कृतियों, विचारधाराओं, चिंतन, परंपराओं, भाषिक संस्कारों, रीति-रिवाजों एवं अवधारणाओं के

बीच सेतु निर्माण का कार्य करने लगा है। सूचना क्रांति के युग में विश्वदृष्टि का निर्माण होने लगा, परिणामतः इसका क्षेत्र सीमित से असीमित होकर विश्वव्यापी हो गया। चिकित्सा, तकनीक, वैज्ञानिक, दार्शनिक, साहित्यिक आदान-प्रदान होने के कारण मानव के जीवन मूल्यों एवं अंतर्राष्ट्रीय सोच के परस्पर संवाद से परायेपन का भाव कम होने लगा। एक देश अथवा संस्कृति की भाषा अपनी साहित्यिक एवं तकनीकी उपलब्धियों को किसी दूसरे देश, भाषा, संस्कृति तक पहुँचाने के लिए अनुवाद का ही सहारा लेती है। "इतिहास गवाह है कि यदि तत्कालीन ज्ञान-विज्ञान, कला, साहित्य की रक्षा अन्य भाषाओं के अनुवादकों ने न की होती तो उनकी गौरवगाथाओं को कब का भुला दिया गया होता। सभ्यताओं के विनाश के साथ ही तक्षशिला, नालंदा, एथेंस, बगदाद, फ्लोरेंस आदि स्थानों पर रचा गया महान् साहित्य कब का नष्ट हो गया होता। साहित्य चाहे भारतीय हो या विदेशी, लेखक और अनुवादक के बीच शताब्दी से एक ऐसा अटूट और अंतरंग रिश्ता चला आ रहा है कि जिसका लाभ हर युग और हर भाषा के पाठक ने उठाया है। इस दिशा में विश्व की सर्वप्रमुख भाषाओं में हिन्दी ने अहम् भूमिका निभाई है।"[4]

यदि प्राचीन साहित्य के अनुवाद न किए होते तो आज वाल्मीकि, व्यास, कालिदास आदि देशों और विदेशों में अपनी पहचान न बनाते। अनुवाद न होता तो अरस्तू, प्लेटो, सुकरात, टॉलस्टाय, गोर्की, उमर खैय्याम, शेक्सपियर, शैली, कीट्स आदि महान् लेखकों की विचार संपदा से सारा विश्व कैसे लाभान्वित होता? रवीन्द्रनाथ, बंकिम, शरतचन्द्र सिर्फ बंगाल में सीमित रह जाते। तुलसीदास तथा जयशंकर प्रसाद के काव्य का रसास्वादन अन्य भाषाओं के पाठक कैसे कर पाते? चीन, जर्मनी, रूस, कोरिया, जापान आदि की लोककथाओं के साथ भारतीय लोककथाएँ भी सामने नहीं आ पातीं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दो भाषाओं के बीच की दूरी मिटाने में अनुवाद की भूमिका स्तुत्य है।

भारतेन्दु, प्रेमचंद, रवींद्रनाथ, दिनकर, जैनेन्द्रकुमार, अमृतराय, अमृता प्रीतम, बच्चन, धर्मवीर भारती, निर्मल वर्मा, अज्ञेय, राजेन्द्र यादव, कमलेश्वर आदि ने विभिन्न भाषाओं के उत्कृष्ट साहित्य को हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं के पाठकों को उपलब्ध कराया है। अनुवाद के प्रारंभिक दौर पर गौर करें तो हम पाते हैं कि भारतेन्दु ने स्वयं अंग्रेजी, संस्कृत, बंगला, प्राकृत से असंख्य अनुवाद किए; साथ ही समकालीन साहित्यकारों को भी प्रेरणा दी। भारतेन्दु देश की उन्नति के लिए अन्य भाषाओं के ग्रंथों को हिन्दी में अनूदित करना आवश्यक समझते थे। 1880 ई. में भारतेन्दु ने शेक्सपियर के नाटक 'मर्चेंट ऑफ वेनिस' का 'दुर्लभ बंधु', बंग्ला से यतींद्रमोहन ठाकुर के नाटक का हिन्दी में 'विद्या सुंदर', प्राकृत से राजशेखर के नाटक का हिन्दी में 'कर्पूर मंजरी', संस्कृत से दत्त एंव श्री हर्ष के नाटकों का हिन्दी में

अनुवाद किया। भारत जैसे बहु भाषाभाषी देश में तो अनुवाद की उपादेयता स्वयंसिद्ध है।

अंत में यह कह सकते हैं कि बहुभाषिक, बहुजातीय और बहुसांस्कृतिक समाज को जोड़ने का दायित्व अनुवाद के माध्यम से ही पूरा किया जा सकता है। अनुवाद में एक भाषा में व्यक्त विचारों को दूसरी भाषा में व्यक्त करना है लेकिन यह सरल कार्य नहीं है। प्रत्येक भाषा की प्रकृति, प्रवृत्ति अलग-अलग होती है। हमें मूल भाषा की आत्मा को बनाये रखना है। हम कह सकते हैं कि आज अनुवाद की आवश्यकता विश्व की संस्कृतियों का परिचय, ज्ञान-वृद्धि, भावनात्मक एकता, अभिव्यक्ति में प्रसार, व्यापार वृद्धि, विधि संबंधी गवेषणाएँ, साहित्य आदि के तुलनात्मक अध्ययन के लिए अनिवार्य है।

यह भी सत्य है कि अनुवाद के माध्यम से भाषा समृद्ध होती है। नये भावों, नये विषयों, नये विचारों और नयी अभिव्यक्ति पद्धतियों को व्यक्त करने के प्रयत्न से भाषा की अभिव्यक्ति क्षमता विस्तृत होती है। उसके शब्द भण्डार में वृद्धि होती है। हम कह सकते हैं कि अनुवादक का स्थान साहित्य सर्जक की तरह है, जिसकी सहायता के बिना व्यापक मानवीय संस्कृति की परिकल्पना नहीं की जा सकती। इस दृष्टि से हम कह सकते हैं कि अनुवाद भूत, वर्तमान एवं भविष्य में सार्थक एवं प्रासंगिक है।

संदर्भ सूची

1. अनुवाद विज्ञान, (सं.) डॉ. बालेन्दु शेखर तिवारी, पृ. 11
2. वही
3. अनुवाद विज्ञान, डॉ. भोलानाथ तिवारी, पृ. 11
4. प्रयोजनमूलक हिन्दी सृजन और समीक्षा, डॉ रामलखन मीणा, पृ. 375

Govt. M.S. Naveen Girls College Bilaspur (C.G.)

छत्तीसगढ़ का समग्र इतिहास

• डॉ. सुरेश चन्द्र शुक्ला
• डॉ. (श्रीमती) अर्चना शुक्ला



मातुश्री पब्लिकेशन

Naveen College Bilaspur (C.G.)

© लेखकाधीन

- इस पुस्तक के डेटा संग्रहण एवं प्रकाशन में लेखक तथा प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है, फिर भी किसी प्रकार की त्रुटि के लिये लेखक या प्रकाशक जिम्मेदार नहीं होगा।
- किसी भी परिवाद के लिये न्यायिक क्षेत्र रायपुर ही होगा।
- इस पुस्तक को अथवा इसके किसी भी अंश को बिना लेखक के लिखित पूर्वानुमति के प्रकाशित करना अवैधानिक होगा, अतः किसी भी रूप में जैसे– फोटोकॉपी, विद्युतग्राफी, यांत्रिकी व अन्य रूप में किसी भी उपयोग के लिये नहीं छापा जा सकता।
- आवरण पृष्ठ एवं अध्यायों पर चित्रित नक्शे यथा छत्तीसगढ़ राज्य का नक्शा इत्यादि पैमाने पर नहीं है (Map not to scale, just for reference), केवल संदर्भ हेतु प्रदर्शित है।

प्रथम संस्करण – 2002
द्वितीय संस्करण – 2018
तृतीय संस्करण – 2020

मूल्य : रुपये 299/–

ISBN: 978-81-939385-0-8

मुद्रकः सागर प्रिन्टर्स, रायपुर

प्रकाशकः
मातुश्री पब्लिकेशन
आर–2, श्रीराम नगर, फेस–2,
रायपुर (छ.ग.) 492007
मो. 79870–45932
ई–मेलः matushreepublication@gmail.com

यह बात सच है कि
विद्यमान है क्योंकि
एवं अन्य क्षेत्रों में
आजादी की लड़ाई में
सहयोग किया तथा
थी, परिणामस्वरूप
व्यक्तियों के
महापुरुषों की यह
साँसें छत्तीसगढ़ में
शबरी माता के
जन अनभिज्ञ नहीं
सन्यासी, कवि
विशेष स्थान
गौरवान्वित किया
खान–पान
क्षेत्रों में
परिवर्तन
का नाम
विश्व के
का विशाल
उर्वरा
कटोरा
स्थल
पर्यटन
यहाँ
अवलोकन
और यह
इतिहासकारों ने
इतिहासकार
फल है कि
हैं। इन शोधों
जानकारियाँ
शोधकर्ताओं के
भविष्य में भी
आकर्षण का केन्द्र

पृ. 396

विकलांग-दिव्यांग-विमर्श

सम्पादक

डॉ. रेखा दुबे

Govt. M.S. Naveen Girls College ★ Bilaspur (C.G.)

लेखक व प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना इस पुस्तक को पूरी तरह अथवा आंशिकतौर पर या पुस्तक के किसी भी अंश की फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग अथवा इलेक्ट्रॉनिक अथवा ज्ञान के किसी भी माध्यम से संग्रह व पुन: प्रयोग की किसी भी प्रणाली द्वारा इस पुस्तक का कोई भी अंश प्रेषित, प्रस्तुत अथवा पुनरुत्पादित ना किया जाए। प्रस्तुत पुस्तक में लेखक के अपने विचार और सामग्री हैं, जिनसे प्रकाशक का कोई लेना-देना नहीं है।

Ekkisvin Sadi ka Navya Vimarsh : Viklang/Divyang-Vimarsh

Ed. by

Dr. Rekha Dubey

I.S.B.N.: 978-81-8135-163-0

© डॉ. रेखा दुबे

मूल्य : 550.00 रुपये

प्रथम संस्करण : सन् 2021

प्रकाशक : **पंकज बुक्स**

109-ए, पटपड़गंज गाँव, दिल्ली-110091

दूरभाष : 8800139684, 9312869947

वितरक : भावना प्रकाशन, दिल्ली

आवरण : नीरज

शब्द संयोजक : पंकज ग्रॉफिक्स, दिल्ली-110092

मुद्रक : राधा ऑफसेट, दिलशाद गॉर्डन, दिल्ली।

Published by :

Pankaj Books,

109-A , Patparganj Village, Delhi-110091, INDIA

E-mail : bhavnaprakashan@gmail.com

पूर्ववाक्

इक्कीसवीं सदी विकलांग विमर्श अनेकानेक चुनौतियों से परिपूर्ण है। वैश्विक महामारी कोविड-19 ने परिवार, समाज, राष्ट्र के साथ सम्पूर्ण विश्व को अपने आगोश में लेकर किसी-न-किसी पक्ष से विकलांगता के स्तर पर ला खड़ा कर दिया है। सामान्यत: हम सभी विकलांगता जैसे शब्दों से यही समझते हैं कि जिसकी शारीरिक क्षमता जन्म से या कभी भी किसी भी समय सामान्य रूप से असामान्य रूप में जो दृष्टिगत् हो।

विकलांग शब्द सुनते मन मस्तिष्क पर छाप छप जाती है कि शरीर के अंग का दुर्बल होना है, परन्तु वर्तमान परिवेश में हरेक व्यक्ति कहीं न कहीं से विकलांग हो चुका है चाहे व शरीर से हो या परिवेश, से या फिर दिमागी तौर पर या कहें सामाजिक स्तर पर, कुल मिलाकर नकारात्मक जो भी पहलू हमसे जुड़ते हैं शायद मेरी दृष्टिकोण में वही विकलांगता है।

कोविड-19 ने सम्पूर्ण विश्व को मानसिक रूप विकलांग बनाकर रख दिया और हरेक व्यक्ति आर्थिक रूप से कमजोर होकर उस वर्ग को स्पर्श किया। विकलांग होना मनुष्य की दुर्बलता का परिचायक बन चुका है। वर्तमान में विकलांगता के कई कारण देखने को मिल रहे, जैसे अवसाद, हीन भावना, एकाकी जीवन, एकल परिवार, संकीर्ण मानसिकता, अशिक्षा, गरीबी, कुपोषण, विसंगति, जन्मजात, दुर्घटना आदि।

पौराणिक ग्रंथों में विकलांगता का दर्शन महाभारत, श्रीमद्भागवत्, आख्यान आदि में विश्लेषित है।

ईश्वर की देन या प्रकृति का प्रदत्त विकृति किसी दुर्घटना, असामयिक बीमारी या फिर अन्य किसी कारणवश सामान्य स्वरूप से असामान्य रूप में होना विकलांगता का कारण है। कभी कभी ऐसा देखा गया है कि अगर ईश्वर ने किसी पक्ष को कमजोर बनाया तो दूसरा पक्ष किसी अन्य पक्ष को मजबूत किया

ब्रह्मांड के विकलांग पोषक भगवान शंकर

-राधाकृष्ण पाठक 'अतीत' : 98

पौराणिक गाथाओं में विकलांग विमर्श

-डॉ. फूलदास महंत : 102

फला साधना में दिव्यांगता बाधित नहीं

-विनोद मिश्र "सुरमणि" : 113

विकलांगों की समस्याओं की प्रासंगिकता

-डॉ. श्रद्धा हिरकने : 119

धार्मिक ग्रंथों एवं हिन्दी साहित्य में विकलांगता

-डॉ. बलदाऊ प्रसाद निर्मलकर : 125

विकलांगता कोई अभिशाप नहीं

-डॉ. प्रीति प्रसाद : 143

कहानी संग्रह "हौसला" में मानवीय चेतना

-सृजन महंत : 146

विकलांगों के जीवन पर सामाजिक परिवेश का प्रभाव : हौसला कहानी संग्रह के संदर्भ में

-बेला महंत : 151

कथा साहित्य में विकलांग विमर्श-संदर्भ : "विकलांग विमर्श की कहानियाँ"

-डॉ. राजेश कुमार मानस : 156

तीसरा पहिया की व्यथा-कथा

-डॉ. क्रांति कुमार सिन्हा : 161

तुलसीदेवी तिवारी की कहानियों में विकलांग विमर्श

-डॉ. चन्द्रिका चौधरी : 166

एक बीघा प्यार : निशक्त हीरा सशक्तों के लिए मिसाल

-बोबिजा : 174

सफर की धूप : एक समीक्षा

-डॉ. नेहा कल्याणी : 182

देह अगर विकलांग हुआ तो....

-कल्पना कौशिक : 186

मीडिया में विकलांग विमर्श

-प्रो.डॉ. सुरेश माहेश्वरी : 195

हिन्दी सिनेमा में विकलांगों की भूमिका (बरफी के संदर्भ में)

-डॉ. शारदा प्रसाद : 203

हिन्दी फिल्मों में विकलांग चरित्र

-तुलसी देवी तिवारी : 209

विकलांग विमर्श : आज की आवश्यकता

कण्डाला श्रीनिवास

विकलांगता से आशय और अवधारणा :

शब्दों का सही अर्थ विद्वानों द्वारा किया जाता है अर्थात् शब्दों को लेकर कई उलझनें पैदा होती है। सामान्य अर्थों में विकलांगता ऐसी शारीरिक एवं मानसिक [illegible] है जिसके चलते कोई व्यक्ति सामान्य व्यक्तियों की तरह किसी कार्य [illegible] करने में असमर्थ होता है। शारीरिक या मानसिक विकलांगता की कोटि का [illegible] तकनीकी दृष्टि से विकलांग एवं [illegible] शब्द है जिनकी एक से अधिक परिवर्तनशील [illegible] है। भारत में ऐसे व्यक्ति को विकलांग माना गया है जो चिकित्सा [illegible] द्वारा प्रमाणित 40 प्रतिशत से कम विकलांग का शिकार न हो। 'विकलांग' शब्द दो शब्दों के मेल से बना है विकल+अंग। जिसके अंतर्गत यह कहा जा सकता है कि यदि शरीर का कोई अंग शिथिल हो या विकृत हो विकलांग कहते है।

U.N.C.R.D.P. संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के शब्दों में विकलांग उनको कहा गया है जिनकी शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक तथा इन्द्रियों से सम्बन्धी क्षमताएँ लम्बी अवधि के लिए प्रभावित है जिनके कारण दैनिक आधार पर उनके कार्यों में प्रभावशीलता नहीं आ पाती है। विकलांग व्यक्ति निशक्त या अशक्त नहीं [illegible] है। विकलांग कल्याण को राष्ट्रीय कल्याण से जोड़कर विकलांग [illegible] का निर्माण इनके मानवाधिकार है।

विकलांग विमर्श का इतिहास

प्रति वर्ष 3 दिसंबर को दुनियाभर में विश्व विकलांगता दिवस मनाया जाता है, इस दिन को मुख्य रूप से दिव्यांगों के प्रति लोगों के व्यवहार में बदलाव लाने और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जाता

इस रचना का सामाजिक परिप्रेक्ष्य ऐसा है की समझ में आने के पूर्व ही पाठक को महसूस होती है, यह गहरे तादात्म्य की स्थिति है। इस रचना को पढ़कर निश्चित तौर पर पाठक की चेतना एवं चिंतन में सकारात्मक परिवर्तन होगा।

"हौसला" कहानी संग्रह के अधिकांश कहानीकार प्रवासी भारतीय हैं। देश से दूर उनकी संवेदना सृजनात्मक हो गई है। कहानी संग्रह के सभी कहानीकारों की पीड़ा सामाजिक संदर्भ में है। प्रत्येक विकलांग व्यक्ति के अस्तित्व की चिंता है। यही मानवीय मूल्यों का नव्य विकास है, मानवीय चेतना का उदात्त स्वरूप है।

संदर्भः

1. परिहार, महाराज सिंह-"काव्य शास्त्र एवं साहित्य लोचन" अभय प्रकाशन, आगरा 2010
2. आडिल सत्यभामा-"हिन्दी कथा साहित्य" छत्तीसगढ़ राज्य हिन्दी अकादमी 2012
3. दास श्याम सुंदर-"साहित्यलोचन" भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली 2013
4. कुमार मनोज-"मानवीय मूल्यों के संस्थापक-प्रेमचंद" rajbhasa-hindi.blog spot.com 31 जुलाई, 2011
5. अहमद मेराज-हिन्दी कहानी के विकास में कमलेश्वर, संपादित सारिका पत्रिका का योगदान, अलीगढ़ 2013
6. ममता कालिया का कथा साहित्य-एक अनुशीलन lib.unipune. ac.in:8080
7. रंजन रवि-"समकालीन हिंदी कहानी में मानवीय संसक्ति" samalochan. blogspot.com
8. प्रकाश उदय-"स्वातंत्र्योत्तर आधुनिक कहानियों में जनतांत्रिक मूल्य shodhanga.inflibnet.ac.in
9. उषाराजे सक्सेना-"व्यक्तित्व-कृतित्व www.setumag.com. 2017/07

-सृजन महंत
शोधार्थी (हिन्दी)
डॉ. सी.व्ही. रामन विवि, करगी रोड, कोटा
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

विकलांगों के जीवन पर सामाजिक परिवेश का प्रभाव : हौसला कहानी संग्रह के संदर्भ में

बेला महंत

परिवेश का कोषीय अर्थ है-घेराव, परिधि आवेष्टित करने वाली वस्तु। परिवेश का मतलब बाहरी जीवन संगत का विवरण भर नहीं है, इसका मतलब जीवन स्थितियों और समय के यथार्थ प्रभाव है जिनसे कहानी की घटना और कार्य व्यापार रूपायित होते हैं। कहानी के चरित्र के गतिविधियों पर परिवेश का निर्णायक प्रभाव होता है। कहानी में अपने युग और समाज की बनत और रंगत, उसमें रहने वाले और उसे जीने वाले आदमी की हालत उभरती है। व्यक्तित्व पर सामाजिक परिवेश प्रबल प्रभाव डालता है। ज्यों-ज्यों बालक विकसित होता जाता है, वह उस समाज या समुदाय की शैली को आत्मसात् कर लेता है जिसमें वह बड़ा होता है। एक विकलांग व्यक्ति यदि वह जन्मजात विकलांग है, पैदा होते ही सामाजिक नकरात्मक व्यवहार से प्रभावित होता है। उपासना की "मुक्ति" में सात महीने के गर्भस्थ शिशु को विकलांगता का भान होते ही उसे "मुक्ति" दे दी जाती है।

"तुम ऐसा बच्चा लेकर क्या करोगी जो हर क्षण दूसरों पर आश्रित रहेगा, यह भी कोई जीवन है? इससे तो अच्छा है कि उसे अभी ही मुक्ति मिल जाए।"[1]

सामाजिक तौर पर किए जाने वाले व्यवहार से विकलांगों के मन में हीन भावना आती है।

कादम्बरी मेहरा की कहानी "एक और परिणीता" की नायिका स्वर्णा शिक्षित होते हुए भी कुंठाग्रस्त है-"बी.एड. कर पढ़ाने गई, तो लड़कियों ने बेरहमी से उसकी नकल बनाई। बेचारी घबराकर छोड़ आई।"

"स्वर्णा एक हताश, कुंठित, लड़ाकी व बदमिजाज लड़की थी।"[2]

विकलांगता को स्वीकार कर व्यक्ति विशेष के लिए सामाजिक बंधन, परिजनों का डर, उसके व्यक्तित्व को कुचलने में कोई कसर नहीं छोड़ते-"दादी को जात-बिरादरी का डर था, पिताजी को अपने कर्तव्य से गिर जाने का डर

था। माँ को इन दोनों को नाराज करने का डर था और इन-सब संस्थाओं के नीचे लगभग कुचला हुआ उसका अपना अस्तित्व था।"[3]

रांगेय राघव की गूँगे भी इसी तरह समाज द्वारा कुचले व्यक्तित्व की कथा है "गूंगे-अनेक-अनेक हों संसार में भिन्न-भिन्न रूपों में छा गए हैं, जो कहना चाहते हैं, पर कह नहीं पाते। जिनके हृदय की प्रतिहिंसा न्याय और अन्याय को परख कर भी अत्याचार को चुनौती नहीं दे सकती क्योंकि बोलने के लिए स्वर होकर भी स्वर में अर्थ नहीं है, क्योंकि वे असमर्थ है।"[4]

ममता कालिया की कहानी "राजू" में अशिक्षा, गरीबी, अज्ञानता वश एक आँख खो चुके बालक राजू के मामा के विवाह समारोह में सामाजिक तिरस्कार और मर्माहत माँ के गुस्से में "अपशकुनिया" कहने पर अपमानित महसूस करना किन्तु माँ के बिलखने पर द्रवित हो जाना सामाजिक दुर्व्यवहार की पराकाष्ठा है। राजू और माँ से किया गया समाज का व्यवहार ऐसा है मानों विकलांगता ने उनको अपराधी बना दिया है।

"भग्गो, ये कजहा कपूत तू घर में छोड़ आती, तो एक दिल में तेरा दूध न सूख जाता, बियाह के घर लाकर खड़े कर दिया सामने।"[5]

शोषित मानवता की करुण पुकार सूर्यबाला की कहानी "फरिश्ते"। अपने द्वारा दिए गए कत्ल की सजा मटरूआ के बापू को दिलवाना, दया के नाम पर मटरूआ और उसकी माँ का शोषण मटरूआ से न केवल बालपन छीन लेता है वरन् उसे विकलांग भी बना देता है। उसकी विकलांगता से भी लाभ लेना अमानवीय और अपराधिक व्यवहार है-"अपने बहनोई से हंसते हुए कहते हैं-भगवान जो करता है अच्छा ही करता है। अब यह देखो, अपंग वर्ष है न सो हमें घर में बैठे ही अपंग सेवा का संयोग बिठा दिया इस जमूड़े में टांग तोड़ कर।"[6]

मानसिक तौर पर परेशान व्यक्ति के लिए दवाओं से अधिक सामाजिक-पारिवारिक देखभाल की आवश्यकता है। उनसे किया हुआ बुरा व्यवहार उनकी मानसिक स्थिति को बदतर बना देती है। उषाराजे के "रिफ़्यूज कलेक्टर" का पात्र इसी स्थिति में है-"पिछले घर में उसे बीस्ट या बीस्टी (जंगली जानवर) कह कर पुकारा जाता था। शायद इसीलिए वह इस तरह की हरकत करता है। ही हैज बीन बैडली ट्रीटेड एन मिसहैंडल्ड।"[7]

जीवन के कुछ वर्ष सामान्य व्यक्ति की तरह बिताने के बाद दुर्घटनावश विकलांग हो जाने की स्थिति में शारीरिक पीड़ा से अधिक, मानसिक पीड़ा से निकलना कठिन होता है। इस स्थिति में सामाजिक और पारिवारिक देखरेख और

प्रेरणा अत्यंत आवश्यक है। डॉ. लता अग्रवाल की कहानी "मन के हारे हार" की नायिका वान्या "मस्कुलर डिस्ट्राफी" से ग्रसित हो जाती है। मां-पिता के देखरेख और प्रेरणा से उसे चित्रकारिता के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त होता है-"अपने भीतर की शक्ति को पहचानो और उसी से अपनी एक अलग पहचान बनाओ।"[8]

"उसी माँ ने मेरी जिन्दगी के दीपक में अपने साहस की बाती बनाकर मुझे पुन: जीवित किया है"।[9] डॉ. रोशनी की "देवी" भी माँ के साहस से "पैरा ओलंपिक" में विश्व विजेता बनती है।

व्यक्तित्व विकास में वंशानुक्रम तथा परिवेश दो प्रधान तत्व हैं। वंशानुक्रम व्यक्ति को जन्मजात शक्तियाँ प्रदान करता है। परिवेश उसे इन शक्तियों को सिद्धि के लिए सुविधाएँ प्रदान करता है। बालक को व्यक्तित्व पर सामाजिक परिवेश प्रबल प्रभाव डालता है। जिस परिवेश में वह बड़ा होता है, उसके व्यक्तित्व पर शहरी छाप छोड़ते हैं।[10]

उषाराजे के 'रिफ़्यूज कलेक्टर' का पात्र बीमा बिस्मार्क अपनी शिक्षिका मिस वर्मा, पालक मिसेस राबिन्स और अन्य सहयोगियों के विशेष "केस हिस्ट्री" लेकर मनोपचार से न केवल आत्मनिर्भर बनता है वरन् पारिवारिक सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करता है।

मेराज अहमद की "हौसला" कहानी कहानी संग्रह की प्रधान कहानी है। यह कहानी केवल कहानी नहीं, विकलांग के जीवन का समाज शास्त्रीय विश्लेषण है। विकलांग व्यक्ति जब संघर्षरत है तब परिवार, मित्र, शिक्षक, परिचित उससे कैसा व्यवहार करें, यह सिखाती है।

1. "विकलांगता को सामान्यतौर पर स्वीकारना न ही उसका मजाक और नहीं अनावश्यक हमदर्दी दिखाएँ। एक सामान्य बालक की तरह व्यवहार करें।"[11]

"मेरे न खेल पाने के कारण बच्चों ने मेरा मजाक उड़ाया हो या फिर मेरे साथ हमदर्दी बरती हो यह मुझे बिल्कुल याद नहीं"।[12]

2. सामान्य बालक की तरह की जाने वाली गतिविधि में सहयोग देना: "फिर तो मैं नहाने की गरज से सारे बच्चों के साथ पानी में उतरने लगा। एकाध बच्चे भले मेरा मजाक उड़ाते हों बाकी अधिकांश बच्चे मेरी हौंसला अफजाई करते। सहारा देकर तालाब में उतरने और वहाँ से निकलने में मेरी मदद करते"।[13]

3. बालक की प्रतिभा का सम्मान करना उसकी प्रतिभा को निखारने में सहयोग करना: "मैं आरंभ से ही पढ़ने में ठीक-ठाक था इसीलिए अधिकांश अध्यापक मेरी बड़ी इज्जत करते और हर तरह की सहायता करने की कोशिश भी करते।"[14]

"पढ़ने में ठीक-ठाक होने से मुझे अपने सहपाठियों से खासी तवज्जो मिलती थी। वह प्रेक्टिकल में मेरी मदद करते। बल्कि कुछ बच्चों में तो मेरी मदद की होड़-सी रहती।"[15]

4. विकलांग बालक यदि ऐसा कार्य करना चाहे जो असंभव प्रतीत हो तो भी उसे हतोत्साहित न करें-"मेरे आस-पास के लोगों को यकीन हीं नहीं था कि मैं साइकिल चला पाऊँगा। मेरे घर वालों ने क्या सोचकर साइकिल खरीदी मुझे पता नहीं। लोग-बाग जरूर कहते कि मुझे पता नहीं। दिल रखने के लिए खरीदी गयी है। मैंने हिम्मत नहीं हारी और किसी ऊँची जगह से सीधे साइकिल के ऊपर सवारी कर गिरते-पड़ते आखिरकार साइकिल चलाना सीख लिया। साइकिल चलाना सीखने के बाद तो मुझे यह लगने लगा कि दुनिया मेरी जेब में है।"[16]

5. मित्रों का विकलांग व्यक्ति से सामान्य व्यवहार-किशोरावस्था में मित्र जीवन का आवश्यक अंग है। विकलांगों से मित्र का व्यवहार वैसा ही होना चाहिए जैसे सामान्य व्यक्ति से। उसके साथ घूमने फिरने में संकोच नहीं करना चाहिए। एक सामान्य जीवन उनमें हौसला जगाते हैं।

"मैं अपनी विकलांगता को बिल्कुल भूल गया। भूलता भी क्यों नहीं। दरअसल में सारे उन कामों में शामिल रहता जिसमें कोई भी शामिल रह सकता है-मैं अपनी माजी पर गौर करता हूँ तो लगता है कि संभवत: यह वही दिन थे जिन्होंने मेरे अंदर हौंसला भरा"।[17]

6. शिक्षा और आत्मनिर्भरता : विकलांगजनों को शिक्षित करना आवश्यक है यदि हो सके तो सामान्य बालकों के साथ "अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के सिलसिल में मुझसे राय मशविरा लेने लगे। मैंने बाकायदगी से ट्यूशन देना शुरू कर दिया।"[18]

"मुझे अध्यापक की नौकरी मिल गई"। मैं सचमुच का मास्टर हो गया"।[19]

7. पारिवारिक दायित्वों में सहभागी बनाना: विकलांग व्यक्ति आत्मनिर्भर हो जाए तो न केवल पारिवारिक जीवन का निर्वाह होता है वरन् अन्य दायित्वों को भी पूर्ण करता है।

"मैंने अपने दोनों भाइयों की गैरमौजूदगी में उनके बच्चों की देखभाल की। यह जज्बा मुझे अपने विकलांग होने के एहसास से दूर ले जाता है।[20]

अपने संघर्षों ओर सामाजिक सकारात्मक वातावरण से विकलांग जन हाशिये पर न रहकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ जाते हैं।

"हमारे समाज और हमारे तबके के ज्यादातर लोगों की तमाम जिन्दगी ऐसे

ही तो गजुरती है जैसे मेरी गुजर रही है।"[21]

समाज मनुष्य के लिए वो प्रतिबिम्ब है जिसमें प्रत्येक दिवस वो अपनी अभिलाषाओं एवं आकांक्षाओं को पूरा होते देखता है। मनुष्य का शरीर तो नाशवान है परन्तु समाज हमेशा जीवित रहता है उन गौरव-गाथाओं के परिचायक के रूप में।

समाज और मनुष्य एक दूसरे के पूरक हैं। यदि समाज का निर्माण मनुष्यों ने किया तो समाज ने उनके विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विकलांगजनों के लिए समाज की भूमिका कुछ अंशों में विशेष हो जाती है।

सन्दर्भ :

1. उपासना मुक्ति-हौसला पृ.18
2. मेहरा कादम्बरी-एक और परिणीता-हौसला पृ.55
3. मेहरा कादम्बरी-एक और परिणीता-हौसला पृ.61
4. राघव रांगेय-गूंगे हौसला, पृ.26
5. कालिया ममता "राजू हौसला" पृ.30
6. सूर्यबाला "फरिश्ते-हौसला" पृ.51
7. सक्सेना उषाराजे "रिफ्यूज कलेक्टर-हौसला", पृ.37
8. अग्रवाल लता "मन के हारे हार-हौसला", पृ.142
9. अग्रवाल लता "मन के हारे हार-हौसला", पृ.143
10. अहमद मेराज "हौसला-हौसला", पृ.120
11. अहमद मेराज "हौसला-हौसला", पृ.121
12. अहमद मेराज "हौसला-हौसला", पृ.121
13. अहमद मेराज "हौसला-हौसला", पृ.123
14. अहमद मेराज "हौसला-हौसला", पृ.123
15. अहमद मेराज "हौसला-हौसला", पृ.126
16. अहमद मेराज "हौसला-हौसला", पृ.126
17. अहमद मेराज "हौसला-हौसला", पृ.127
18. अहमद मेराज "हौसला-हौसला", पृ.127
19. आस्थाना जागृति "मानव और समाज" निबंध
20. यादव अखिलेश "विकलांगता का सामाजिक परिवेश: सामाजिक व्यवहारों के संदर्भ में विश्लेषण"। doe.du.ac.in
21. व्यक्तित्व विकास hi.m.wikidedia.org.

-बेला महंत
सहायक प्राध्यापक, हिन्दी
शा. माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.)

Naveen Girls College Govt. M.S. Bilaspur (C.G.)



रंगमंच का भारतीय परिदृश्य

संपादक
डॉ. योगेन्द्र चौबे

Govt. M.S. Naveen Girls College Bhilai (C.G.)

रंगमंच का भारतीय परिदृश्य

(नाट्य विभाग, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय वेबिनार दिनांक 18 - 19 दिसंबर 2020 में प्रस्तुत आलेखों एवं शोध - आलेखों का संग्रह)

ISBN- 978-93-91007-82-9

●

प्रकाशक
सर्वप्रिय प्रकाशन
1569, प्रथम मंजिल, चर्च रोड,
कश्मीरी गेट, दिल्ली-110006
मो. 94253-58748
e-mail : sarvapriyaprakashan@gmail.com

आवरण सज्जा : कन्हैया
आवरण चित्र गाटक ग्लोबल राजा निर्देशक - डॉ. योगेन्द्र चौबे
प्रथम संस्करण : 2021
मूल्य : 200.00 रुपये
कॉपी राइट : लेखक

●

RANGMANCH KA BHARTYIA PARIDRISHYA

BY : DR. YOGENDRA CHOUBEY

●

Published by
Sarvpriya Prakashan
1569, First Floor Church Road,
Kashmiri Gate, Delhi-110006

Raipur Office
Changora Bhatha, Road
Behind Imrald Hotel, PS. City Raipur-492013
First Edition : 2021
Price : Rs.200.00

भारतीय रंगमंच का परिदृश्य

(नाट्य विभाग, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़
द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय वेबिनार
दिनांक 18-19 सितंबर 2020 में प्रस्तुत शोध-आलेखों का संग्रह)

•

संपादक
डॉ. योगेन्द्र चौबे

सर्वप्रिय प्रकाशन
दिल्ली-रायपुर

11. 21वीं सदी के नाटकों में बदलते स्त्री विमर्श का तुलनात्मक अध्ययन
गुरमीत सिंह 107

12. छत्तीसगढ़ का रंगकर्म : उद्‌भव और विकास
डॉ. योगेन्द्र चौबे 117

13. छत्तीसगढ़ी नाटकों का विकास : दशा और दिशा
डॉ. बेला महंत 133

14. छत्तीसगढ़ी में आधुनिक नाटक की परंपरा
रामनाथ साहू 138

15. रिंगनी–रवेली ने दिखाई भारतीय रंगमंच को नई राह
योग मिश्रा 149

16. लोक रंगमंच और आधुनिकता
डॉ. मोनिका शांतिलाल ठक्कर 172

17. छत्तीसगढ़ी लोकनाट्य नाचा की सार्थकता
संकल्प महंत 184

18. छत्तीसगढ़ी नाट्यसाहित्य एवं लोकनाट्य की विवेचना
सृजन महंत 189

19. छत्तीसगढ़ में जनजातीय व लोक रंगमंच
डॉ. स्वामीराम बंजारे 'सरल' 193

20. छत्तीसगढ़ी रंगमंच की परम्परा
ईश्वरी कुमार सिन्हा 201

छत्तीसगढ़ी नाटकों का विकासः दशा और दिशा

बेला महंत

कथा संवादों में ढलकर और रंगमंच में चलकर नाट्य साहित्य कहलाता है। अभिनेयता नाट्य साहित्य की विशेषता है और संवाद उसका प्राण तत्व। दृश्य–श्रव्य–समन्वित विशेषताओं से युक्त नाट्य साहित्य इसीलिये जनप्रिय विधा प्रमाणित हुई है। संस्कृत में इसकी परंपरा प्राचीन है, लेकिन हिंदी में अर्वाचीन। आंचलिक विभाषा छत्तीसगढ़ी में संस्कृत के समानान्तर लोकनाट्य और हिंदी के समानांतर शिष्ट नाट्य साहित्य की धारा प्रवाहित हुई है।

पं. लोचन प्रसाद पाण्डे कृत कलिकाल (1905) को छत्तीसढ़ी का प्रथम नाटक माना जाता है। इस संदर्भ में छत्तीसगढ़ी नाटक का उद्‌भव बीसवीं सदी में ही हुआ था। ''छत्तीसगढ़ी नाटक का उद्‌भव भारतेंदुयुगीन है। छत्तीसगढ़ी व्याकरण के बाइसवें अध्याय में संकलित ग्रामीण जनों का वार्तालाप इसका आरंभिक स्वरूप कहा जा सकता है। सन् उन्नीस सौ पांच के हिंदी मास्टर में प्रकाशित 'कलिकाल' स्वर्गीय लोचन प्रसाद पाण्डेय द्वारा प्रणीत चंद्रपुर की बोली मिश्रित छत्तीसगढ़ी नाटक है।''[1]

छत्तीसगढ़ी का लोक नाट्य मंच अत्यंत समृद्ध है। इसका संसार छत्तीसगढ़ी मनुष्य के हास विलास, दुख दरिद्रय के साथ झूलता इठलाता है और दुख के क्षणों में दो चार बूंद आंसू भी बहाता है। छत्तीसगढ़ी लोक नाटक और मनुष्य के बीच के इस रिश्ते को सर्वप्रथम पं. लोचन प्रसाद पाण्डे ने समझा।

इन्ही दिनों पं. शुकलाल प्रसाद पाण्डेय ने स्कूली छात्रों के मनोरंजनर्थ– कुछ छोटे–छोटे किन्तु शिक्षाप्रद नाटकों की रचना की। ''केकरा–धरैया'', ''खीरा–चोट्टा'', ''सीख देवइया'', ''उपसहा दमाद बाबू'' हास्य प्रधान रचनाएँ है। सामाजिक सरोकार के नाटकों में– ''गंवई बर अंजोर'' नाटक में गांव के विकास में ग्रामीणजन की भागीदारी को आवश्यक बताया है। बलिपूजा के निषेध पर आधारित नाटक विस्वास (पं. मुरलीधर पाण्डेय 1948) छत्तीसगढ़ी ''केशरी'' पत्रिका में प्रकाशित हुआ। इसमें ''हरेली'' त्यौहार में ''बलिपूजा'' का निषेध किया गया है।

लखनलाल गुप्त की 'बेटी के मंसूबा,' ''बर के खोज मा'' नारी विमर्श के नाटक हैं। खूबचंद बघेल के ऊंच–नीच, करम छड़हा, जरनैल सिंह, गरकट्टा नाटक प्रसिद्ध हुए। डॉ. खूबचंद बघेल स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक थे। गांव में ''जातबाहिर'' किए गए मनुष्य की दुर्दशा देख उन्होंने यह नाटक लिखा और इसका मंचन डरते–डरते किया। नाटक की सफलता देखकर बघेल जी ने नाटक लेखन जारी रखा। टिकेन्द्रनाथ टिकरहा ने 1950 से नाटक लेखन प्रारंभ किया। समाज सुधार, अस्पृश्यता निवारण, शिक्षा से जुड़े, नारी जीवन के प्रति सकारात्मक सोच और विकासवादी दृष्टिकोण इनके नाटकों की विशेषता है इनका ''साहूकार से छुटकारा'' नाटक ग्रामीण ऋण ग्रस्ततों की समस्या पर आधारित प्रमुख नाटक है।

महेत्तर राम साहू की एकांकी ''कउवा लेगे कान, ''होही अंजोर' 'मया के बंधना'' छत्तीसगढ़ की सामाजिक झाँकी को प्रस्तुत करता है। छत्तीसगढ़ी नाटकों के 1905 से 1960 के अवधि को आरंभिक काल कहा जा सकता है। इस काल के नाटकों में मनोरंजन और सामाजिक सुधार की प्रवृत्ति प्रमुख है। सन् 1960 से सन् 2000 तक की अवधि को छत्तीसगढ़ी नाटक की विकास काल कहा जा सकता है। 1960–70 के बीच धार्मिक आख्यानिक कथाओं पर आधारित नाटक लिखे गए उदयराम जी का 'छत्तीसगढ़ी रामचरित नाटक 1963, डॉ. रामलाल कश्यप का 'श्री कृष्णार्जुन युद्ध' 1965 और

रतनपुर इस दौर के उल्लेखनीय नाटक हैं। ''श्रीकृष्णार्जुन युद्ध'' श्री माखनलाल चतुर्वेदी कृत ''श्रीकृष्णार्जुन युद्ध'' का आंचलिक संस्करण है, लेखक ने स्वयं 'लिखोइया के गोठ'' में व्यक्त किया है। ''सन् 1970 के आस–पास एक लोकधर्मी आधुनिक नाटक कार हबीब तनवीर ने चौकाने वाले प्रयोग किए । हबीब तनवीर ने छत्तीसगढ़ क्षेत्र के लोक–नाटक और पारसी थियेटर का समन्वय कर नाटकों की दुनिया में हंगामा मचा दिया। उनकी इस शैली का प्रभाव छत्तीसगढ़ी थियेटर पर पड़ा। दाउ महासिंह चन्द्राकर, लक्ष्मण चन्द्राकर, रामहृदय तिवारी, प्रेम साइमन की टीम ने कई अत्यंत आकर्षक नाट्य प्रस्तुतियां दी। इन नाट्य प्रस्तुतियों में लोक रंग काफी गाढ़ा था।''[2]

सन् 1973 में प्रकाशित ''गांव के नाव सुसराल, मोर नाव दमाद'' 1978 में प्रकाशित 'सोनसागर' 1988 में 'मंगलू दीदी'' नाटकों का उत्स छत्तीसगढ़ की सामाजिक संरचना पर आधारित है। हबीब तनवीर के मौलिक और रूपांतरित नाटकों में छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कृति का प्रयोग किया गया। इन सबका स्वाभाविक प्रभाव छत्तीसगढ़ी लेखकों पर पड़ा। नंद किशोर तिवारी का परेमा, बंटवारा, रंग सब एक, महारिया, ''नइजानन का चीज'' नाटकों का संग्रह ''परेमा'' छत्तीसगढ़ी नाट्य साहित्य में उल्लेखनीय है।

कपिल नाथ कश्यप के नाटकों में छत्तीसगढ़ के शोषण के विरूद्ध जागृति का संदेश है। अंधियारी रात (1992), नावा बिहान (1994) इनके प्रमुख नाटक हैं। लखन लाल गुप्त का ''जाग छत्तीसगढ़ जाग'', डॉ. परदेशी राम वर्मा का ''मैं बइहा नोहव'' पं. श्याम लाल चतुर्वेदी का ''मया के मोटरी'' इस काल के प्रसिद्ध नाटक संग्रह है। विश्वेंद्र ठाकुर, मेहत्तर राम साहू, किसान दीवान, भावसिंह हिरवानी, प्रेम साइमन, नारायण लाल परमार, रामप्रसाद कोसरिया, दादू लाल जोशी आदि ने छत्तीसगढ़ी नाट्य विधा को विकसित किया।

इस काल के नाटकों में लोक नाट्य संस्कृति, गीत–संगीत का समन्वय विशेष दिखाई देता है। इन नाटकों में छत्तीसगढ़ी भाषा का

स्वरूप व्यवहारिक एवं क्षेत्रीयता आधारित है। नाटकों का आकार छोटा रहता था। सन् 2000 से अब तक के छत्तीसगढ़ी नाटकों का आधुनिक काल माना जा सकता है। ''सन् 2003 में डॉ. सुरेन्द्र दुबे का नाटक ''पीरा'' छत्तीसगढ़ी लोक थियेटर और आधुनिक नाटकों की समन्वित शैली में लिखी गई है। इस नाटक का मूल चेतना छत्तीसगढ़ का शोषण है। रामनाथ साहू का नाटक ''जागे–जागे सुतिहो गो'' जागते हुए सोए लोगों को जगाने का गंभीर प्रयास है।''[3]

देवधर महंत की ''सेंदुरा फूटत है'' में निरक्षरता दूर करने साक्षरता के महत्व को प्रतिपादित करने का प्रयास है। रघुवीर सिंह की मुड़पेलवा, ''चेचक के टीकाकरण'' पर आधारित नाटक है जो स्वास्थ्यगत रूढ़ियों को दूर करने प्रेरित करता है। भावसिंह हिरवानी की ''तोर किरिया है'', सुधा वर्मा की ''दुलारी'' चचित नाटक है। डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा ने ढोलामारू की लोकगाथा पर आधारित रेडियो रूपक' ''अनदेखनी'' तथा ''कोल्हान सिंग राजा'', ''मोला गुरू बनई लेते'' लिखे। इनमें छत्तीसगढ़ी लोकनाट्य की सहजता को लेकर किया गया प्रयोग है। इस नाटकों में छत्तीसगढ़ी भाषा का सौंदर्य झलकता है। छत्तीसगढ़ी लोकनाट्य के तत्वों, लोकगीतों, लोकगाथाओं और छत्तीसगढ़ी संस्कृति संस्कृति से सराबोर संवादों को समेट कर कुछ एक नए प्रयोग की उपज है ''चंदैनी गोंदा''। इसके अनुकरण में ''सोनहा बिहान'', ''नवा बिहान', ''भोजली गंगा'', ''नवरंग कला केन्द्र'', ''तुलसी चौंरा'', ''माटी मोर मितान'', ''गौरा चौरा'', ''भुइंया के भगवान'' आदि अनेक संस्थाएँ बनी जिनमें छत्तीसगढ़ी नाट्य तत्व का प्रयोग किया जाता है।

डॉ. शंकर शेष ने छत्तीसगढ़ी लोकनाट्य के नये प्रयोगों से हिंदी नाट्य साहित्य को चमत्कृत कर दिया है। वरिष्ठ रंगकर्मी राजकमल नायक ने छत्तीसगढ़ी रंगमंच पर कहा– ''छत्तीसगढ़ी में नाट्य लेखन की प्रक्रिया विच्छिन रही है, उसमें निरंतरता कभी नहीं रही। स्वतंत्र नाटककार जिनका आधुनिक रंगमंच से नाता रहा हो तथा जो छत्तीसगढ़ी में निरंतर नाट्य लेखन में संलिप्त रहे हों, ऐसा

कोई नाम नहीं आता। इसके बावजूद हमें आशावादी होना चाहिए। छत्तीसगढ़ के संस्कृति विभाग, अन्य कला संगठनों, लेखक संगठनों को छत्तीसगढ़ में आधुनिक रंगमंच को प्रश्रय देने, बढ़ावा देने का प्रयास करना चाहिए।"[4]

भौतिक विकास, टूटते जीवन मूल्यों के बीच छत्तीसगढ़ी नाटक अपने बदलते स्वरूपों में अपना अस्तित्व बनाए हुए हैं। आधुनिक रंगमंच से जुड़कर छत्तीसगढ़ी लोकनाट्य को नई दिशा देने का कार्य योगेन्द्र चौबे जैसे नाटककार कर रहे हैं। राजस्थानी लोक कथा पर आधारित विजय दान देथा के नाटक को छत्तीसगढ़ी संस्कृति में रंगकर आधुनिक रंगमंच पर "बाबा पाखण्डी" जैसे नाटक का सफल प्रस्तुति गैर छत्तीसगढ़ भाषियों को भी प्रभावित करती है। छत्तीसगढ़ी नाट्य को ग्रामीणजनों के बीच से निकाल कर राष्ट्रव्यापी बनाने में इस तरह से प्रयोगधर्मिता की आवश्यकता है।

संदर्भ :–

1. पाठक विमल कुमार, छत्तीसगढ़ी साहित्य का एतिहासिक अध्ययन, 320, आशु प्रकाशन, रायपुर, 1983 मुद्रित.
2. चंद्राकर जयभारती, छत्तीसगढ़ी गद्य लेखन, 34, वैभव प्रकाशन, रायपुर 2015 मुद्रित.
3. चंद्राकर जयभारती, छत्तीसगढ़ी गद्य लेखन, 51, वैभव प्रकाशन, रायपुर 2015 मुद्रित.
4. नायक राजकमल, छत्तीसगढ़ी में आधुनिक रंगकर्म: चुनौतियाँ और संभावनाएँ (विचारगोष्ठी) June 28, 2015

सहायक प्राध्यापक हिन्दी
शा. माता शाबरी नवीन कन्या महाविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.)

●●●

Govt. M.S. Naveen Girls College Bhaspur (C.G.)

छत्तीसगढ़ का समग्र इतिहास

- डॉ. सुरेश चन्द्र शुक्ला
- डॉ. (श्रीमती) अर्चना शुक्ला



मातुश्री पब्लिकेशन

Govt. M.S. Haveli College Bilaspur (C.G.)

© लेखकाधीन

- इस पुस्तक के डाटा संग्रहण एवं प्रकाशन में लेखक तथा प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है, फिर भी किसी प्रकार की त्रुटि के लिये लेखक या प्रकाशक जिम्मेदार नहीं होगा।
- किसी भी परिवाद के लिये न्यायिक क्षेत्र बिलासपुर ही होगा।
- इस पुस्तक को अथवा इसके किसी भी अंश को बिना लेखक के लिखित पूर्वानुमति के प्रकाशित करना अवैधानिक होगा, अतः किसी भी रूप में जैसे– फोटोकॉपी, विद्युतग्राफी, यांत्रिकी व अन्य रूप में किसी भी उपयोग के लिये नहीं छापा जा सकता।
- आवरण पृष्ठ एवं अध्यायों पर चित्रित नक्शे यथा छत्तीसगढ़ राज्य का नक्शा इत्यादि पैमाने पर नहीं है (Map not to scale, just for reference), केवल संदर्भ हेतु प्रदर्शित हैं।

प्रथम संस्करण	–	2002
द्वितीय संस्करण	–	2018
तृतीय संस्करण	–	2020
चतुर्थ संस्करण	–	2021

मूल्य : रुपये 315/–

ISBN: 978-81-939385-0-8

मुद्रकः सागर प्रिन्टर्स, रायपुर

प्रकाशकः
मातुश्री पब्लिकेशन
आर–2, श्रीराम नगर, फेस–2,
रायपुर (छ.ग.) 492007
मो. 79870–45932, 75666–64333
ई–मेलः matushreepublication@gmail.com

Govt. M.S. Naveen Girls College ★ Bilaspur (C.G.)



छत्तीसगढ़ी भाषा एवं साहित्य में युगीन चेतना का विकास

संपादक
प्रो आर के लहरे

सह–संपादक
प्रो. टी. एस. पैंकरा

GEEL Infix

GEEL INFIX PUBLISHING SERVICES

Govt. M.S. Naveen Girls College Bilaspur (C.G.)

Publishing-in-support-of,

GEEL INFIX
PUBLISHING SERVICES

Kotra Road, Rajeev Nagar, Opposite Rambagh
Raigarh, Chhattisgarh - 496001

www.geelinfix.in

© Copyright, Author

All rights reserved. No part of this book may be reproduced, stored in a retrieval system, or transmitted, in any form by any means, electronic, mechanical, magnetic, optical, chemical, manual, photocopying, recording or otherwise, without the prior written consent of its writer.

ISBN: 9788194591702

Price: ₹ 250.00

The opinions/contents expressed in this book are solely of the author and do not represent the opinions/standings/ thoughts of Geel Infix Publishing Services.

Printed in India

Chhattisgarhi Bhasha & Sahitya Me Yugin Chetna Ka Vikas

इलेक्ट्रोनिक संपादक
संगीता पाटीदार

GEEL Infix

GEEL INFIX PUBLISHING SERVICES
www.geelinfix.in

विषय–सूची

क.		पृ. क.
1.	'छत्तीसगढ़ी कहानियों में अभिव्यक्त लोक चेतना' –डॉ. स्वामीराम बंजारे 'सरल'	11
2.	छत्तीसगढ़ी में प्रचलित गीत–संगीत, नृत्य वनाटयकला –डॉ. रामायण प्रसाद टण्डन	18
3.	छत्तीसगढ़ी लोकसाहित्य में लोकगीत – जानकी चौधरी	22
4.	छत्तीसगढ़िया करमा – डॉ. श्रीमती रश्मि कोका	
5.	छत्तीसगढ़ी के विविध बोलियाँ –श्रीमती इमिलियाना लकडा	32
6.	छत्तीसगढ़ लोक नाट्य परम्परा –डॉ. महेश कुमार शुक्ल –अतुल कुमार मिश्र –विपिन कुमार तिर्की	35
7.	छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य और लोक जीवन प्रो.चरणदास बर्मन	36
8.	लाला जगदलपुरी की छत्तीसगढ़ी कविताओं में जीवन सौन्दर्य – डॉ. राजेश कुमार सेठिया	48
9.	लोक साहित्य : महत्व और बाजारीकरण –डॉ. एच. आर आगर * –लक्षेष्वरी **	50
10.	छत्तीसगढ में प्रचलित गीत–संगीत, नृत्य व नाट्य–कला – श्रीमती माग्रेट कुजूर	51
11.	छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति वर्तमान परिवेश –प्रो. बी के भगत	59

12.	छत्तीसगढ़ी बोली व साहित्य के विविध आयाम –डॉ. मंजुला पाण्डेय	65
13.	छत्तीसगढ़ में प्रचलित लोकगीत संगीत, नृत्य व नाट्यकला – संगीता रंगारी	9/166
14.	छत्तीसगढ़ में प्रचलित गीत, संगीत, नृत्य व नाट्य कला –राजेन्द्र प्रसाद नागवंशी	74
15.	छत्तीसगढ़ की राम मय भूमि –डॉ. सरिता पाण्डेय	76
16.	छत्तीसगढ़ के विविध बोलियाँ डॉ. बी.आर. महिपालस डॉ. सुनीता राठौर सहा.	79
17.	छ.ग. साहित्य में अभिव्यक्त लोक संस्कृति श्रीमति पुष्पांजली दासे	82
18.	छत्तीसगढ़ में प्रचलित मेला, तीज–त्यौहार एवं उत्सव का स्वरूप –डॉ. सुनीता राठौर	90
19.	छत्तीसगढ़ की लोक नाट्य परंपरा *डॉ. महेश कुमार शुक्ल, **अतुल कुमार मिश्र, *** विपिन तिर्की	93
20.	छत्तीसगढ़ी साहित्य में अभिव्यक्त लोकसंस्कृति डॉ. पी.डी. महंत* बेला महंत**	94
21.	छत्तीसगढ़ी लोकगीतः एक परिचय –राकेश कुमार कौशल	96
22.	छ.ग. में प्रचलित त्यौहार व मेला का स्वरूप –डॉ0 रमेश टण्डन	102
23.	छत्तीसगढ़ी और आंग्ल भाषा का तुलनात्मक अनुशीलन प्रो. राज कुमार लहरे* प्रो. हेमकुमारी पटेल**	107
24.	छत्तीसगढ़ में प्रचलित मेला, तीज–त्यौहार एवं उत्सव का स्वरूप –धर्मेन्द्र कुमार पाटनवार	113

25.	छत्तीसगढ़ी भाषा एवं साहित्य में युगीन चेतना का विकास – श्रीमती अंजू महिलांगें	122
26.	छत्तीसगढ़ के लोक संस्कृति में जादू–टोना, टोटका एवं बैगा –मनीष कुमार कुर्रे शोधनिर्देशक– डॉ. चन्द्रकुमार जैन	129
27.	छत्तीसगढ़ में प्रचलित गउरा गीत –डॉ0 (श्रीमती) बी0 एन0 जागृत	137
28.	लोक साहित्य एवं लोक संस्कृति –प्रो. एस कुमार गौर	145
29.	आदिवासी साहित्य में निहित कविता के विविध आयाम – प्रो. लवन सिंह कंवर, श्रीमती लता कंवर	152

"छत्तीसगढ़ी साहित्य में अभिव्यक्त लोकसंस्कृति"

डॉ. पी.डी0 महंत*

बेला महंत**

वैदिक साहित्य में सर्वप्रथम लोक शब्द का प्रयोग ऋगवेद के पुरूष सूक्त में मिलता है–

"नाभ्याँ असीदन्तरिक्षं शीर्ष्णो द्यौ समवर्तत
पदभ्याँ भूमिदिर्दशः श्रोत्रातथा लोकान् अकल्पयन"

इस लोक शब्द का समानार्थी "जनपदीय जनता", ग्रामीण, जनमानस के लिए प्रयुक्त होता है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार लोक का पर्याय है–"

"नगरों और ग्रामों में फैली वह समूची जनता है, जिनके व्यवहारिक ज्ञान का आधार पोथियाँ नहीं हैं।"

छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य छत्तीसगढ़ की जनमानस के श्रुति परंपरा, अनुभूतियों और व्यवहारिक ज्ञान पर आधारित है।

"छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य सुदूर कान्तार निवासियों, पर्वतीय प्राणियों तथा ठेठ ग्रामवासियों का ऐसा साहित्य है, जो अनगढ़ भी है, खुरदुरा भी है, प्रखर भी है, कोमल भी है। लोकगीतों में पुलक प्रसन्नता है, सहज किलकारी है और स्वाभाविक रूदन भी है, उसके आँसू मोती है।"
–डॉ. पालेश्वर शर्मा

संस्कृति मनुष्य को संस्कार देती है। हर तरह के कर्म और चिन्तन के क्षेत्र में अपनी सामूहिक प्रतिभा के बल पर लोक जो श्रेष्ठतम उपलब्ध कराता है, वही **लोक संस्कृति** है।

छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य के ऐतिहासिक, मनो वैज्ञानिक, समाजशास्त्रीय पृष्ठभूमि में छत्तीसगढ़ी जनजीवन के **लोक कला**–लोकनृत्य, लोकगीत, नाचा, वेशभूषा, अलंकरण और दस्तकारी की झलक है तो **लोक व्यवहार**–विश्वास, प्रथाओं, कर्मकाण्डों, उत्सवो, परिपाटियों, खेलों, मान्यताओं, अंधविश्वासों की छटा भी हैं ।

छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य का छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति से कई प्रकार के संबंध हैं। जिनमें मुख्य है–प्रतिफलन, इच्छापूर्ति, आलोचना, शिक्षण और संचालन। छत्तीसगढ़ी साहित्य लोक संस्कृति का सपाट दर्पण नहीं है। जीवन के व्यक्त पक्षों के साथ अव्यक्त पक्षों का भी प्रतिफलन साहित्य में दिखाई देता है।

गउरा गीत –

"माटी के सुवा सुख दुख के साथी ये
गउकी तेल बिना अबिरथा बाती ये
सिरतोन होवय ये आंखी के सपना
कुम्हलाय झन कखरो केंवची कलपना"

"तेल और बाती के सामंजस्य से ही प्रकाश उत्पन्न होता है। केंवची कल्पना अर्थात कोमल सपने किसी के न टूटने की आशा है।"

छत्तसगढ़ी समाज में आदर्श और यथार्थ में संगति के अभाव से पारस्परिक विरोधी कहावतों का अस्तित्व है।

"उंघात मनखे दसना पागै"

जहा भाग्य से इच्छित वस्तु मिलने की बात है वहीं –

"करम ले करम"

कर्म से ही भाग्य निर्माण की बात भी कही गई है ।

छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य में दो संसार हैं– एक वास्तविक, एक काल्पनिक।

वास्तविक संसार में यथार्थ की भयावहता है, तो **काल्पनिक संसार** में सुंदर सपने–

"नवतप्पा के सुरूज ह लेसत है अंगना
कनकी बर बेचा गय भउजी के कंगना"
"सोन के महल हे सोन के हिंडोलना
सुघर सुतजा रे बाबू देख रंग–रंग के सपना"

छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य छत्तीसगढ़ियों के विश्वासों अभिरूचियों और मूल्यों का अभियन्ता और इस प्रकार के उसके आचरण का प्रभावक है। छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य सामाजिक कार्यो और गुणों का प्रशंसक भी है और नकारात्मक प्रवृत्तियों का आलोचक भी। छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य का केंद्रीय लक्षण है, सामुदायिकता। लोक साहित्य का अपने श्रोताओं की मनः स्थिति और प्रतिक्रियाओं की अपेक्षा के अनुरूप सामाजिकता की भावना से रचना करता है। इसलिए छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य में व्यक्तित्व की छाप नहीं वरन छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की इंद्रधनुषी छटा दिखाई देती है।

---

* प्रभारी प्राचार्य सहायक प्राध्यापक हिन्दी शा. नवीन महाविद्यालय जैजैपुर
** शा. माता शबरी नवीन कन्या जिला जांजगीर–चाम्पा (छ.ग.) स्नातकोतर महाविद्यालय बिलासपुर

Govt. M.S. Naveen Girls College Bilaspur (C.G.)